Website : www.prsuniv.ac.in
E-mail ID- sports@prsuniv.ac.in

# प्रो० राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज, उ०प्र०

# Prof. Rajendra Singh (Rajju Bhaiya) University, Prayagraj, U.P.

पत्रांक : प्रोरासिविवि / क्री०प० / 2024–124 दिनांक 06 सितम्बर, 2024

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या,
सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय,
प्रो0 राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय,
प्रयागराज।

**विषयः– अन्तर्महाविद्यालयीय प्रतियोगिता कराने हेतु आवेदन के सम्बन्ध में।**

महोदय / महोदया,

कृपया अवगत कराना है कि अखिल भारतीय विश्वविद्यालय संघ द्वारा शैक्षिक सत्र 2024–25 का खेलकूद कैलेंडर जारी कर दिया गया है। विगत वर्षों की भांति प्रो0 राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज के अन्तर महाविद्यालय खेलकूद प्रतियोगिताओं का **कैलेंडर वर्तमान सत्र 2024–25 जारी करने के क्रम में निम्नलिखित वांछित सूचनाएं दिनांक 18.09.2024 तक क्रीड़ा परिषद के E-mail ID- sports@prsuniv.ac.in / रजिस्टर डाक द्वारा / हार्ड कापी क्रीड़ा परिषद विभाग जमा किया जाना अपेक्षित है।**

1. आप अपने महाविद्यालय में किस खेल की अन्तर महाविद्यालयीय प्रतियोगिता कराने के इच्छुक है? कृपया संलग्न प्रारूप पर नाम लिखकर प्रेषित करें।
2. क्या आपके महाविद्यालय में शासन द्वारा नियुक्त / विश्वविद्यालय द्वारा अनुमोदित शारीरिक शिक्षक तैनात है ? यदि हां तो नाम एवं सम्पर्क सूत्र प्रदान करें।
3. जिस खेल की अन्तर महाविद्यालयीय प्रतियोगिता आप आयोजित कराने के इच्छुक हैं। उसका मैदान / उपकरणों की सूची मय छाया चित्र के प्रदान करें।
4. सत्र 2023–24 में आयोजित अन्तर महाविद्यालयीय खेलकूद प्रतियोगिता हेतु वि0वि0 द्वारा निर्गत अग्रिम धनराशि जो आपको आवंटित कि गयी थी उसके समायोजन का प्रमाण प्रस्तुत करें।
5. 2016 से 2024 तक आपके महाविद्यालय द्वारा अन्तर महाविद्यालयीय खेलकूद प्रतियोगितायें यदि आयोजित की गयी है। तो उसके समायोजन से सम्बन्धित प्रमाण भी प्रस्तुत करें।
6. आपके महाविद्यालय में कार्यरत यदि किसी शिक्षक को अग्रिम धनराशि वि0वि0 द्वारा निर्गत की गयी हैं (अखिल भारतीय / उत्तर क्षेत्रीय खेल प्रतियोगिताओं में टीम मैनेजर / प्रशिक्षक के रूप में) तो कृपया आपसे अनुरोध है कि शासन द्वारा बार–बार इनके समायोजन के लिए कार्यवाही किये जाने / आपत्ति के निराकरण हेतु कठोर कार्यवाही की आदेश मिल चुके हैं। नियमानुसार अस्थाई अग्रिमो का समायोजन उसी वित्तीय वर्ष में किया जाना चाहिए। आपसे अपेक्षा की जाती है कि आपके अधीनस्थ कार्यरत ऐसे शिक्षकों का संज्ञान लेने एवं अग्रिमों के समायोजन किये जाने एवं अन्य पत्रजात हेतु आदेशित करने का कष्ट करें।

अतः आपसे अनुरोध है उपरोक्त सभी सूचनाए दिनांक 18.09.2024 तक संलग्न प्रारूप पर अवश्य भेजने की कृपा करें, जिससे स्पोर्ट्स कैलेण्डर तैयार किया जा सके।

**संलग्नकः– यथोक्त।**

भवदीय

प्रो0 (भास्कर शुक्ल)
क्रीड़ा सचिव

**प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. मा0 कुलपति जी।
2. कुलसचिव।
3. एजेन्सी को इस आशय से प्रेषित कि समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों की कालेज लॉगिन एवं वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।

क्रीड़ा सचिव

पताः मिर्जापुर रोड, नैनी, प्रयागराज, पिनकोड–211010 (उ०प्र०), फोनः 0532–2256207
Address : Mirzapur Road, Naini, Prayagraj, Pincode-211010 (U.P.) Ph. 0532-2256207

Website : www.prsuniv.ac.in

E-mail ID- sports@prsuniv.ac.in

प्रो० राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज, उ०प्र०

Prof. Rajendra Singh (Rajju Bhaiya) University, Prayagraj, U.P.

Azadi Ka Amrit Mahotsav

## महाविद्यालय द्वारा प्रतियोगिता आयोजित कराए जाने हेतु पत्र/प्रस्ताव का प्रारूप

सेवा में,

कुलसचिव/क्रीड़ा सचिव,
प्रो० राजेन्द्र सिंह(रज्जू भय्या)विश्वविद्यालय, प्रयागराज
प्रयागराज।

**विषयः**—महाविद्यालय में सत्र 2024—25 में अर्न्तमहाविद्यालयीय प्रतियोगिता के आयोजन के सम्बन्ध में।

महोदय,

आपके कार्यालय पत्रांक पीआरएसयू/क्रीड़ा/........../2024, दिनांक............... 2024 के क्रम में अवगत कराना है विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद द्वारा प्रदत्त खेल सूची में से हमारा महाविद्यालय वरीयता क्रमानुसार अधोलिखित खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन में सक्षम है, एवं आयोजन हेतु अपेक्षित अनुमति चाहता है:—

1.

2.

3.

अतः उपर्युक्त वर्णित प्रतियोगिताओं को सम्पन्न कराने हेतु अनुमति प्रदान करने का कष्ट करें।

भवदीय

(प्राचार्य का नाम)
महाविद्यालय का नाम
मो0 नं0—
ई—मेल—

पताः मिर्जापुर रोड, नैनी, प्रयागराज, पिनकोड-211010 (उ०प्र०), फोनः 0532—2256207
Address : Mirzapur Road, Naini, Prayagraj, Pincode-211010 (U.P.) Ph. 0532-2256207